## जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

## मासिक आख्या–जुलाई,2018

**संख्या– 453 /तेरह/आ.प्र./मासिक आख्या** **दिनांक 05 जुलाई, 2018**

1. **दिनांक 01.07.2018 को यमुनोत्री राष्ट्रय राजमार्ग डाबरकोट के पास पुनः 400 मीटर भाग में लगभग** 300 मीटर की ऊंचाई पहाडी से भूस्खलन के साथ लगातार पत्थर गिरने से अवरुद्व हुआ। मार्ग को दिनांक 02.06.2018 को अपरान्ह तक सुचारु किया गया जा सका।

**जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त स्थान पर तैनात पुलिस/राजस्व एवं एस0डी0आर.** एफ./सहायक अभियन्ता/मशीन ऑपरेटरों से पुलिस वालयरलेस/दूरभाष से बराबर सम्पर्क कर आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।



**उक्त स्थान पर पहाडी से वर्षा के साथ भूस्खलन के साथ** पत्थर गिरने के कारण आम जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत वाहनों का आवागमन रोक–रोक कर किया जा रहा है।



**यात्रियों/स्थानीय लोगों को एस0डी0आर0एफ0/ पुलिस के** सहयोग से कुंसाल–त्रिखली 2.5 किमी0 पैदल मार्ग से आवागमन कराया जा रहा है। तद्पश्चात ट्रॉशिपमेंट हेतु वाहन उपलब्ध कराते हुये यात्रियों को स्यानाचट्टी से जानकीचट्टी/यमुनोत्री धाम हेतु भेजा जा रहा है।



**उक्त स्थान पर 02–जेसीबी, 01–पोकलेंड मशीन, 01–डोजर, मजूदर–20 तैनात है।**
**उप जिलाधिकारी, बडकोट/अधिशासी अभियन्ता/ सहायक** अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट, प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षू),थानाध्यक्ष, बडकोट, तहसीलदार बडकोट, राजस्व निरीक्षक, स्वास्थ्य विभाग की टीम, पूर्ति निरीक्षक आदि मौजूद है।
**चिकित्सा व्यवस्था/शौचालय/विद्युत/पेयजल व्यवस्था/ यात्री सूचना केन्द्र/** यात्री शैड/यात्रियों हेतु घोडा–खच्चर/डण्डी कण्डी एवं निर्धारित दरों पर भोजन आदि की व्यवस्था की गयी है।

**पुलिस/एस0डी0आर0एफ0 के सहयोग से यात्रियों को त्रिखली–कुंसाला पैदल मार्ग से स्यानाचट्टी तक पहुॅचाया** जा रहा है। उक्त पैदल मार्ग पर यात्रियों हेतु घोडा–खच्चर/डण्डी– कण्डी आदि की व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी है।स्यानाचट्टी से यात्रियों को ट्रॉजिपमेंट कर यमुनोत्री धाम भेजा जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा शौचालय/पेयजल/विद्युत/ सूचना केन्द्र/यात्री शैड/सफाई आदि की व्यवस्था की गयी है।पूर्ति निरीक्षक उक्त स्थान पर तैनात है। निर्धारित दरों पर यात्रियों को भोजन/चाय आदि उपलब्ध कराये जा रहें है। खाद्यान्न/ईंधन की पर्याप्त व्यवस्था है।

<u>दिनांक 02.07.2018 की सायं 4:00 बजे  लगभग 400 मीटर</u> भाग में 300 मीटर ऊँचार से भूस्खलन के साथ पत्थर गिरने के कारण  दुर्घटना घटित होने की सम्भावना के दृष्टिगत वाहनों का आवागमन रूकवाया गया

**दिनांक 04.07.2018 को समय प्रातः 6:00 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय** राजमार्ग डाबरकोट के पास मलवा आने से अवरुद्व हुआ जिसे जिसे दिनांक 05.07.2018 को समय प्रातः 11:39 बजे सुचारु किया गया।



<u>ओजरी–स्यानाचट्टी के पास ट्रॉशिपमेंट हेतु वाहन उपलब्ध नहीं होने के दृष्टिगत यात्रियों एवं स्थानीय</u> लोगों के ट्रॉशिपमेंट एवं आवश्यक व्यवस्था किये जाने हेतु उप जिलाधिकारी, बडकोट के निर्वतन पर निम्न विभागीय वाहनों को अग्रिम आदेशों तक अधिगृहित कर तैनात किया गया है।

| क्र.सं. | वाहन संख्या | विभाग जिसके निर्वतन में वाहन है। |
|---|---|---|
| 1 | UK–10 / 1461 | कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग, बड्कोट। |
| 2 | UK–10 / GA–0077 | वन विभाग (मुगरसन्ती रेन्ज–कैम्पर वाहन) |
| 3 | UK–07 / GA–0134 | उप प्रभागीय वनाधिकारी, अपर यमुना वन प्रभाग बडकोट। |
| 4 | UK–10–3400 | नगर पालिका परिषद, बडकोट |
| 5 | UK– 7GA–0027 | राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, बडकोट। |

2– <u>सम्भावित आपदा / दुर्घटना के समय त्वरित</u> प्रतिवादन हेतु आपदा प्रबन्धन अधिनियम–2005 की सुसंगत धाराओं के अधीन निम्न विभागीय वाहनों को अग्रिम आदेशों निम्न विवरणानुसार तैनात किया गया है।

| क्र. सं. | वाहन संख्या | अधिकारी जिसके निर्वतन में वाहन है। | अधिकारी जिनके निर्वतन में वाहन रखा गया है। |
|---|---|---|---|
| 1 | UK–07 / 1181 | अपर यमुना वन प्रभाग, बड़कोट। | उपजिलाधिकारी, बड़कोट। |
| 2 | UK–07 / 1873 | अधिशासी अभियंता, लो0नि0वि0, पुरोला। | उपजिलाधिकारी, पुरोला। |
| 3 | UK–07 / 2064 | अधिशासी अभियंता, लो0नि0वि0, भटवाड़ी। | उपजिलाधिकारी, भटवाड़ी। |
| 4 | UK–10 / 0058 | प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, उत्तरकाशी। | |
| 5 | UA–10 TA / 0662 | अधिशासी अधिकारी, नगर पलिका परिषद, चिन्यालीसौड़। | उपजिलाधिकारी, डुण्डा। |

3– **दिनांक 03.07.2018 को मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आहूत वीडियों कान्फ्रेसिंग** हेतु सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर मानसून अवधि में सम्भावित अतिवृष्टि, बाढ़, त्वरित बाढ़, भूस्खलन एवं नदियों के जल स्तर बढ़ने के फलस्वरूप घटित हो सकने वाली आपदाओं से होने वाली क्षति के परिमाण को कम करने के लिये जनपद में सम्बन्धित विभागों द्वारा सतर्कता का उच्च स्तर बनाये रखने एवं आवश्यक पूर्व तैयारियों की की सूचना एकत्रित कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

4– जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में दिनांक 03.07.2018 को मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आहूत वीडियों कान्फेन्सिंग में दिये गये निर्देशानुसार जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र (नियंत्रण कक्ष), उत्तरकाशी में आपदा प्रबन्धन अधिनियम–2005 के तहत निम्नप्रकार से अधिकारियों की तैनाती की गयी है–

| तै नाती का दिनांक | अधिकारी नाम/पदनाम |
|---|---|
| 06.07.2018 से 09.07.2018 तक | जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उत्तरकाशी। |
| 10.07.2018 से 14.07.2018 तक | युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी, उत्तरकाशी। |
| 15.07.2018 से 19.07.2018 तक | सहायक आबकारी आयुक्त, उत्तरकाशी। |
| 20.07.2018 से 24.07.2018 तक | सहायक निदेशक, अल्प बचत, उत्तरकाशी। |
| 25.07.2018 से 29.07.2018 तक | अधिशासी अभियन्ता, अवस्थापना खण्ड, उत्तरकाशी। |
| 30.07.2018 से 03.08.2018 तक | वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तरकाशी। |
| 04.08.2018 से 08.08.2018 तक | जिला शिक्षा अधिकारी, उत्तरकाशी। (माध्यमिक) |
| 09.08.2018 से 13.08.2018 तक | जिला पर्यटन अधिकारी, उत्तरकाशी। |
| 14.08.2018 से 18.08.2018 तक | लौगिंक प्रबन्धक, वन निगम, उत्तरकाशी। |
| 19.08.2018 से 23.08.2018 तक | जिला शिक्षा अधिकारी, उत्तरकाशी। (बेसिक) |
| 24.08.2018 से 28.08.2018 तक | जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तरकाशी। |
| 29.08.2018 से 02.09.2018 तक | उप प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी। |
| 03.09.2018 से 07.09.2018 तक | जिला सहायक निबन्धक, सहकारी समितयां, उत्तराखण्ड, उ0का0। |
| 07.09.2018 से 12.09.2018 तक | परियोजना अधिकारी, उरेडा, उत्तरकाशी। |
| 13.09.2018 से 17.09.2018 तक | परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) उत्तराखण्ड पेयजल निगम, उत्तरकाशी। |
| आरक्षित | परियोजना, निदेशक, स्वजल, उत्तरकाशी। |
| अरक्षित | अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, उत्तरकाशी। |

5– **दिनांक 04.07.2018 को समय दोपहर 3:10 बजे गंगोरी नाल्ड रोड पर कार 15 मीटर नीचे खाई मे** दुर्धटनाग्रास्त हुयी मौके पर जिलाधिकारी महोदय, राजस्व टीम, खोज एंव बचाव टीम, एस.डी.आर.एफ टीम द्वारा रेस्क्यू कार्य किया गया । जिसमे एक व्यक्ति की मृत्यु तथा 05 लोग घायल हुये घयलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। जिलाधिकारी महोदय घटना स्थल पर मौजूद रहें।





6– दिनांक 05.07.2018 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के ओजरी/डाबरकोट के पास प्रातः 5:35 बजे से पुनः भूस्खलन के साथ पत्थर गिरने के कारण मार्ग यातायात हेतु अवरुद्व हुआ, जिसे प्रातः 11:39 बजे तक सुचारु किया गया ।





7– दिनांक 07.07.2018 को तहसील मोरी के श्याला गांव के पास एक लड़की ट्रॉली की रास्सी से उलझकर टोंस नदी में गिरने की सूचना प्राप्त हेते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एस0डी0आर0एफ0,पुलिस, राजस्व टीम/आपदा प्रबन्धन खोज–बचाव दलों से समन्वय स्थापित कर लड़की की खोज–बीन कार्य किया गया ऋषिकेश से गोताखोर टीम द्वारा रेस्क्यू कार्य किया गया। लगातार तीन दिनों तक सर्च किये जाने पर भी नदी में पानी अधिका होने के कारण उक्त बालिका का शव बरामद नहीं किया जा सका।



8. **मानसूनकाल के दृष्टिगत दिनांक 09 जुलाई, 2018 को सांय 4:30 बजे जिलाधिकारी** महोदय की अध्यक्षता में, आपदा प्रबन्धन के अन्तर्गत गठित INCIDENT RESPONSE SYSTEM (IRS) के दिशानिर्देशों के अनुसार नामित/उत्तरदायी सभी अधिकारियों को आई0आर0एस0 के अन्तर्गत दिये गये उत्तरदायित्वों के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गयी है।

बैठक में आई0आर0एस0 के विभिन्न पक्षों की जानकारी एवं नामित अधिकारियों को आई0आर0एस0 के तहत दिये गये उत्तरदायित्वों एवं भूमिका के सम्बन्ध में प्रत्येक अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में आई0आर0एस0 नामित अधिकारियों, आई0टी0बी0पी0– 35 व 12 वी वाहिनी, सेना, बी0आर0ओ0, पुलिस, स्थास्थ्य, पूर्ति, लो0नि0वि0 आदि विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा पूर्व तैयारियों के दृष्टिगत विचार–विमर्श किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी आई0आर0एस0 अधिकारियों को उनके दायित्वों तथा कर्तव्यों की सम्पूर्ण जानकारी रखे जाने एवं मानसून काल में सतर्क रहने के निर्देश दिये गये।



**इसके अतिरिक्त आई0आर0एस0 के अन्तर्गत नामित अधिकारी को निम्न प्रकार से सेक्शनवार विस्तृत <u>प्रशिक्षण आयोजित किया गया।</u>**

1 दिनांक 10.07.2018 को सांय 4:30 बजे से– "**<u>Planning Section</u>**" के समस्त अधिकारीगण।
2. दिनांक 13.07.2018 को सांय 4:30 बजे से– "**<u>Logistics & Finance Section</u>**" के समस्त अधिकारीगण।
3. दिनांक 16.07.2018 को सांय 4:30 बजे से– "**<u>Operation Section</u>**" के समस्त अधिकारीगण।

9. **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा समय–समय पर जारी पूर्वानुमान के अनुसार दिनांक 09 से 10 जुलाइ, 2018 तक भारी से भारी वर्षा की** सम्भावना के दृष्टिगत जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा जनपद के सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन/सड़क बाधित होने तथा भारी वर्षा के सम्बन्ध में सावधानी बरतें एवं जीवनरेखा सेवाओं से सम्बन्धित कार्यों के लिये उत्तरदायी समस्त कार्मिकों को तैनाती करते हुये सतर्कता/आपदा की स्थिति में प्रतिवादन का उच्चतम स्तर बनाया रखा गया तथा समस्त विभागों के क्षेत्रीय कर्मचारी अपने–अपने क्षेत्रों में उपस्थित रहें तथा उक्त अवधि में जनपद अन्तर्गत आये यात्रियों को उक्तानुसार सूचित कर सुरक्षित स्थानो पर रूकने हेतु जानकारी दी।

**<u>समय–समय पर दी गयी मौसम पूर्वानुमान की जानकारी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र</u> द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों/ कर्मचारियों/ग्राम प्रधानों/ आंगनबाडी/आशा/पुलिस एवं जनप्रतिनिधयों आदि विभागों को दूरभाष/ वॉट्सएप/बल्क एस0एम0एस0 एवं पुलिस वायरलेस रेडियों के माध्यम से सतर्क रहने हेतु सूचित किया जाता है।**



**<u>जिलाधिकारी महोदय समय–समय में जनपद</u> आपातकालीन परिचालन केन्द्र में उपस्थित रहकर कन्ट्रोल रूम से अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत किया जाता है।**

**<u>जनपद की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं समय–समय पर घटित दुर्घटनाओं तथा मानसूनकाल में</u>** यात्रियों एवं स्थानीय लोगो के सुरक्षित आवागमन के दृष्टिगत जनपद के मुख्य मोटर मार्गो पर स्थित पुलिस बैरियर से रात्रि 8:00 बजे से प्रातः 5:00 बजे तक एम्बुलेंस, आपातकालीन सेवा वाहन, सैन्य/अर्द्धसैन्य बलों के वाहनों के आवागमन को छोड़कर अन्य समस्त वाहनों का परिवहन/आवागमन प्रतिबन्धित किया गया है।

10– **<u>आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा दिनांक 11.07.2018 राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र, हैदराबाद द्वारा</u>** आयोजित Regional training programmers on National Database for Emergency Management (NDEM कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया।

11– दिनांक 12.06.2018 को जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, में जिला मुख्यालय पर तैनात खोज–बचाव टीमों के पास उपलब्ध उपकरणों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी, प्रभारी अधिकारी, जिला कार्यालय, उप जिलाधिकारी, भटवाडी, समन्वयक, आपदा प्रबन्धन उत्तरकाशी, निरीक्षक, एस0डी0आर0एफ0, उत्तरकाशी एवं अग्निशमन अधिकारी, उत्तरकाशी आदि मैजूद रहें।









12– दिनांक 13.07.2018 को प्रातः 7:56 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नालूपानी धरासू बैण्ड के पास अवरुद्व हुया। आपताकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पुलिस, एस0डी0आर0एफ0, बी0आर0ओ0, एन0एच0आई0डी0सी0एल0 से समनवय कर सांय 4:36 बजे मार्ग को सुचारु किया गया। जिलाधिकारी/आपदा प्रबनधन अधिकारी/उप जिलाधिकारी, डुण्डा तथा बी0आर0ओं0 के अधिकारी मौके पर मौजूद रहें।





13– **दिनांक 14.07.2018 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग प्रातः 6:00 बजे से डाबरकोट मे यातायात अवरुद्व हुआ** जिसे प्रातः 7:42 बजे तक सुचारु किया गया ।

14– **दिनांक 14.07.2018 को अपराह्न 3:51 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग लालढांग के पास मलवा आने के कारण** अवरुद्व है। आपताकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा पुलिस, एस0डी0आर0एफ0, बी0आर0ओ0, से समन्वय कर मार्ग सांय 4:20 बजे तक सुचारु किया गया।





15– **<u>दिनांक 15.07.2018 को स्यानाचट्टी नदी में एक खच्चर फंसी हुयी थी । आपताकालीन परिचालन केन्द्र</u>** द्वारा पुलिस, एस0डी0आर0एफ0, एवं पशु चिकित्सक से समनवय कर उक्त खच्चर को सुरक्षित निकाला गया।





16– दिनांक 16.7.2018 को प्रातः 5:59 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू नालूपानी के पास अवरुद्व हुआ जिसे बी0आर0ओ0 ,एन0एच0आई0डी0सी0एल0 द्वारा मार्ग को प्रातः 8:05 बजे तक सुचारु किया गया। उक्त अवधि में वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रूकवाया गया है।





16– दिनांक 16.07.2018 को कावड़ यात्रा के दृष्टिगत बैठक आहूत की गयी बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा गंगोत्री धाम एवं मुख्य कावड़ पड़ावों में विभिन्न प्रान्तों से यात्रा करने वाले कावड़ यात्रियों को मौसम पूर्वानुमान के अनुसार सम्भावित भारी वर्षा से राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध होने की स्थिति में तत्काल सुचारू रखे जाने तथा कावड़/यात्रियों की सुविधा, शान्ति व कानून व्यवस्था सहित भीड़ तथा यातायात नियंत्रण किये जाने के निर्देश दिये गये।

17– **<u>दिनांक 17.07.2018 को अतिवृष्टि होने से नदी का जल स्तर का बढ़ने की सूचना प्राप्त हुयी। जनपद</u> आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा के** उपजिलाधिकारी, पुरोला,तहसीलदार, बडकोट, एस0डी0आर0एफ0, आपदा खोज–बचाव दल, यमुनोत्री नोडल अधिकारी, पुलिस, को सूचित किया गया। प्रातः उपजिलाधिकारी,बडकोट, अधि0 अभि0 लो0नि0वि0 ,तहसीलदार, उपजिलाधिकारी श्री तुषार सैनी, राजस्व उपनिरीक्षक यमुनोत्री धाम के लिए रवाना हुये।

**प्रातः 8:00 बजे जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में आपता बैठक आहूत की गयी। सम्बन्धित विभागों को दिशा निर्देश दिये गये। तदपश्चात्** जिलाधिकार महोदय, पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, यमुनोत्री धाम के लिए रवाना हुये।



**दिनांक 17.07.2018 को अतिवृष्टि से क्षति का विवरण**

| | **विषय** | **विवरण / स्थिति** |
|---|---|---|
| 7. | **प्रकृतिक आपदा आने पर प्रभावित व्यवस्था** | आज दिनांक 17.07.2018 को प्रातः लगभग 3:19 बजे वर्षा के कारण यमुना नदी का जल स्तर बढने से यमुनोत्री में 15 मीटर स्पान स्टील गाडर पुलिया, विद्युत व्यवस्था यमुनोत्री पैदल मार्ग राम मन्दिर के पास नदी के कटाव के कारण लगभग 30 मीटर क्षतिग्रस्त हुआ है।<br><br>उप जिलाधिकारी, बडकोट / तहसीलदार / थानाध्यक्ष बडकोट / एस0डी0आर0एफ0 / राजस्व दल / खोज–बचाव दल तैनात है। |

| | | **मद का नाम** | **दिनांक** | **कुल संख्या** | **विवरण** |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | **जनपद में प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति एवं प्रभावितों को विवरण राहत सहायता का मदवार विवरण सहायता का मदवार विवरण तहसीलों से प्राप्त सूचना पर आधरित ।** | | | | |
| | | मृतक | – | – | – |
| | | घायल | – | – | – |
| | | पशुहानि | – | – | – |
| | | पूर्ण क्षतिग्रस्त पक्के भवन | – | | |
| | | पूण क्षतिग्रस्त कच्चे भवन | 17.07.18 | 8– पूजा की सामग्री की दूकान, 4 ढाबे, | कच्ची 8– पूजा की सामग्री की दूकान, 4 ढाबे क्षतिग्रस्त। |
| | | आंशिक क्षतिग्रस्त पक्के भवन | 17.07.18 | 02 कमरे | कालीकमली धर्मशाल के 02 कमरे पूर्ण क्षतिग्रस्त हुये है। |
| | | तीक्ष्ण क्षतिग्रस्त पक्के भवन | – | – | – |
| | | तीक्ष्ण क्षतिग्रस्त कच्चे भवन | 17.07.18 | 1–वन विभाग बम्बूहट | जानकीचट्टी के पास वन विभाग बैम्बूहट जिसमें स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प संचालित था। |
| | | गौशाला | – | – | – |
| | | कृषि | – | – | कृषि भूमि क्षतिग्रस्त |
| | | इनपुट | – | – | – |
| | | सहायता ( फसल क्षति) | – | – | – |
| | | अहैतुक | – | – | – |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अन्य | | 17.07.18 | टीन सैट | 1 PTZ कैमरा<br>01 घोड़ा पड़ाव का टीन सैट |
| 9. | आदि कैलास यात्रा | लागू नहीं है। | | | | |
| 10. | कैलाश मानसरोवर यात्रा | लागू नहीं है। | | | | |
| 11. | सड़क दुर्घटना | नहीं | | | | |
| 12. | अग्निकाण्ड | नहीं | | | | |
| 13. | चिकित्सा / मेडिकल सेवा / केन्द्र क्षतिग्रस्त / बाधित | नहीं | | | | |
| 14. | पेयजल व्यवस्था | सामान्य | | | | |
| 15 | सड़क मार्ग / क्षतिग्रस्त / बाधित होने का समय एंव कारण व बहाली का समय | दिनांक | सड़क मार्ग का नाम | बन्द होने का समय | सड़क मार्ग खोलने हेतु की गयी कार्यवाही एवं अनुमनित समय | खुलने का समय |
| | | 17.07.2018 | गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग | प्रातः 6:25 बजे | बी.आर.ओं. द्वारा गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 6:घण्टे के अन्तराल मे यातायात हेतु सुचारू किया गया है। | दोपहर 1:38 बजे तक |
| | | | यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग | प्रातः 6:05 बजे | यमनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच.बड़कोट द्वारा लगभग 5 घण्टे के अन्तराल में यातायात हेतु सुचारू किया गया है। | प्रातः 10:55 बजे |
| | ग्रामीण मोटर मार्ग | 17.07.2018 | गंगोरी संगमचट्टी मोटर मार्ग | प्रातः 6:बजे | उक्त लगभग 11:घण्टे के अन्तराल में छोटे वाहनो हेतु यातायात हेतु सुचारू किया गया है। | सांय 5 बजे |
| | | | खरसाड़ी जीवाणु मोटर मार्ग | प्रातः 5:बजे | उक्त मार्ग में 01 जेसीबी0 तथा मजदूरों के द्वारा कार्य किया जा रहा है जिसकी कल तक खुलने की सम्भावना है। | कार्य गतिमान है। |
| 16. | पैदल मार्ग / पुल मार्ग क्षतिग्रस्त / बाधित होने का समय एंव कारण व बहाली का समय | 17.07.2018 | यमुनोत्री पैदल मार्ग (राम मन्दिर के पास मार्ग का लगभग 30 मीटर भाग यमुना नदी के कटाव के कारण क्षतिग्रस्त है) | प्रातः 3:19 बजे से | उक्त स्थान पर वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कार्य गतिमान है, जिसे देर रात्रि तक सुचारू किया जा सकेगा। उक्त स्थान से एस.डी.आर.एफ. द्वारा 14 यात्रियों को बड़कोट की ओर सुरक्षित पार कराया गया। | सांय 08:30 बजें |
| | | | यमुनोत्री धाम के पास 15 मीटर स्पान स्टील गाडर पुल पूर्ण क्षतिग्रस्त | प्रातः 3:19 बजे से | दूसरा पुल आवागमन हेतु उपलब्ध है। | — |
| 17. | विद्युत व्यवस्था क्षतिग्रस्त / बाधित होने का समय एंव कारण व बहाली का समय | दिनांक | विद्युत बाधित होने का समय | विद्युत खराबी का स्थल | विद्युत सुचारीकाण हेतु कार्यवाही | विद्युत बहाली का समय |
| | | 17.07.2018 | प्रातः 3:19 बजे से | राम मन्दिर से यमुनोत्री धाम तक | 500 मीटर विद्युत लाईन / 05 पोल क्षतिग्रस्त हुये है उक्त के मरम्म्त का कार्य गतिमान है आज सांय तक विद्युत आपुर्ति | सांय 6:30 बजे तक |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | हेतु वैकल्पिक व्यवस्था का। | |
| | | | उरेडा का हाइड्रो प्रोजेक्ट का हैड क्षतिग्रस्त हुआ है। | जानकी चट्टी | विद्युत प्रोजेक्ट से उत्पादन कार्य वाधित है। | कार्य |
| 18. | खाद्यान्न आपूर्ति | यात्रियों हेतु विभिन्न स्थानों पर भोजन की व्यवस्था की गयी। | | | | |
| 19. | स्थान एंव विस्तृत विवरण सहित | • राजस्व उप निरीक्षक, खरसाली द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार आज दिनांक 17.07.2018 को रात्री लगभग 1:30 बजे से वर्षा प्रारम्भ हुयी। वर्षा के कारण यमुना नदी का जल स्तर बढने से यमुनोत्री में 15 मीटर स्पान स्टील गाडर पुलिया, विद्युत व्यवस्था यमुनोत्री पैदल मार्ग राम मन्दिर के पास नदी के कटाव के कारण लगभग 30 मीटर क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके अतिरिक्त कच्ची 8–पूजा की सामग्री की दूकान, 4 ढाबे, 02 कमरे (काली कमली धर्मशाला), यमनोत्री वायरलैस नेटवर्क का 01 PTZ कैमरा एवं 01 घोड़ा पड़ाव का टीन सैट क्षतिग्रस्त होने की सूचना है।<br>• राजस्व उप निरीक्षक जानकीचट्टी से प्राप्त सूचना अनुसार दिनांक–17.07.2018 को रात्रि लगभग 1:30 बजे को अतिवृष्टि के कारण वन विभाग बैम्बूहट भवन क्षतिग्रस्त, बैम्बूहट के पास स्थित अश्व मार्ग क्षतिग्रस्त, सिचांई विभाग के चैक डैम , बडी पार्किंग नदी की तरफ से क्षतिग्रस्त, श्री अमरदास एवं श्री शुरवीर सिहं पुत्र श्री सुरत सिहं निवासी ग्राम खरसाली की पुल के पास की भूमि क्षतिग्रस्त,श्री रणबीर सिहं पुत्र हरिसिहं ग्राम खरसाली की पटवारी चौकी के सामने का खेत क्षतिग्रस्त एवं विद्युत विभाग विद्युत पोल तथा विद्युत लाईन क्षतिग्रस्त होने की सूचना है।<br><br>उक्त स्थान का जिलाधिकारी, महोदय, पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, अपर जिलाधिकारी, तहसीलदार ,बड़कोट, अधीक्षण अभियंता लो0नि0वि0उत्तरकाशी द्वारा निरीक्षण किया गया है। तथा सम्बन्धितों को आवश्यक निर्देश दिये गये है।<br><br>• तहसील मोरी के अन्तर्गत राजस्व उपनिरीक्षक गडूगाड़ द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक–16.07.2018 की सांय ग्राम डाडागांव में अतिवृष्टि से श्री जयपाल पुत्र बालम सिहं की 01 भैस मृतं तथा 01 भैस घायल एवं ग्राम विगंसारी के श्री केशव डोभाल पुत्र बैजराम की 01 गाय विगंसारी खडड गिरने से घायल हुयी है।<br>• तहसील मोरी के अन्तर्गत राजस्व उपनिरीक्षक दौणी द्वारा प्राप्त सूचना अनुसार दिनांक 17.07.2018 की प्रात' को ग्राम सेवा में अतिवृष्टि से मलवे से 01 पुलिया, 01 घराट तथा कृषि भूमि क्षतिग्रस्त हुयी है तथा ग्राम बरी के पिशा तोक में अतिवृष्टि से मलवा आने के कारण 01 पुलिया एवं घराट क्षतिग्रस्त हुआ है।<br>उक्त स्थान के निरीक्षण हेतु उप जिलाधिकारी, पुरोला, तहसीलदार मोरी, थानाध्यक्ष पुरोला / मोरी, राजस्व विभाग की सयुक्त टीम मौके पर मौजूद है।<br>• तहसील भटवाड़ी के अन्तर्गत राजस्व उप निरीक्षक गजोली द्वारा प्राप्त सूचना अनुसार दिनांक–16.07.2018 की रात्रि को हुयी अतिवृष्टि से संगमचट्टी (गजोली ) श्री चन्दन सिहं पुत्र कर्ण सिहं की दुकान के 02 कमरे क्षतिग्रस्त एवं कमरों से 02 चरापाई 01 सलेण्डर बहा है।<br>• ग्राम गजोली नौगांव निर्माणाधीन सड़क पर जगुआ गाड़ पर बना मोटर पुल का 01 एवेटमेन्ट की सुरक्षा दिवार का कटाव हुआ है।<br>• ग्राम गजोली में संगमचट्टी से गजोली पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त।<br>• ग्राम गजोली से महर्षि आश्रम का पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त । | | | | | |
| 20. | स्थलीय भ्रमण | उप जिलाधिकारी, बडकोट / तहसीलदार / थानाध्यक्ष बडकोट / एस0डी0आर0एफ0 / राजस्व दल / खोज–बचाव दल यमनोत्री में मौजूद है।<br>जिलाधिकारी महोदय, पुलिस अधीक्षक, उत्तरकाशी / अधीक्षण अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 उत्तरकाशी द्वारा भी यमुनोत्री क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। | | | | | |
| 21. | बैठक / समीक्षा | 17.07.2017 | प्रातः 8:00 बजे | जनपद आपताकालीन परिचालन केन्द्र में जिलाधिकारी महोदय द्वारा आपात बैठक आहूत कर सम्बन्धित विभागो आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। | | |
| 22. | घटना की सूचना प्राप्ति का समय | 17.07.2017 | प्रातः 3:19 बजे | सूचना प्राप्त होते ही सम्बन्धितों सूचना से अवगत कराया गया। | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23. | घटना की सूचना राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र को सूचित करने का समय | 17.07.2017 | प्रातः 4:50 बजे | — | — | — |
| 24. | संसाधनो को गतिमान करना/की गयी कार्यवाही | विभाग/संस्था | मानव संसाधन की संख्या | उपकरण का नाम | कार्यवाही का नाम(खोज–बचाव, मार्ग खोलना, राहत कैम्प स्थापित करना) | तैयार |
| | | एस0डी0आर0 एफ0/पुलिस/ आपदा खोज–बचाव दल/लो0नि0वि0 सहायक अभि0/ मजदूर/विघुत/ राजस्व विभाग | 35 लोग | उपरोक्त दलों के पास खोज–बचाव उपकरण | — | — |

<u>क्षति के फोटोंग्राफ</u>












जिलाधिकारी महोदय/पुलिस अधीक्षक/उप जिलाधिकारी आदि घटना स्थल पर क्षति का जायजा लिया गया–








जानकीचट्टी—यमुनोत्री पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया—








रूके यात्रियों/लोगों हेतु जल—पान, भौजन आदि की व्यवस्था की गयी—




जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 17.07.2018 को श्री यमुनोत्री धाम में हुयी अतिवृष्टि/त्वरित बाढ़ के कारण यमुनोत्री धाम में सुरक्षा हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार किये जाने हेतु सिंचाई विभाग को निर्देशित गिया है।

18— **दिनांक 17.07.2018 को समय प्रातः 5:40 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग लालढ़ांग के पास मलवा आने के कारण** अवरुद्व है कन्ट्रोल रूम द्वारा बी0आर0ओं से समन्वय कर बी मार्ग को प्रातः 6:40 बजे तक सुचा किया गया।

19— **दिनांक 17.07.2018 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग थिंराग के पास मलवा आनें के कारण अवरुद्व है। कन्ट्रोल रूम** द्वारा बी0आर0ओ0/पुलिस/एस0डी0आर0एफ0 से समन्वय कर यात्रियों के वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रूकवाये गये तथा पूर्ति विभाग के सहयोग से पेयजल/चाय—नास्ता आदि की व्यवस्था करवायी गयी। मार्ग दोपहर 1:38 बजे तक सुचारु किया गया ।





20— **दिनांक 17.07.2018 को यमुनोत्री धाम मे ंविघुत व्यवस्था बाधित हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र** द्वारा सम्बन्धित विभाग/कार्मिकों से समन्वय स्थापित किया। विघुत आपूर्ति दिनांक 18.07.2018 को सांय तक सुचारु कर दिया गया।





21— **दिनांक 18.07.2018 को प्रातः 6:00 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्कुगाड एवं थिंराग के पास मलवा आनें के** कारण अवरुद्व हुआ। **जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र** द्वारा सम्बन्धित विभाग/कार्मिकों से समन्वय स्थापित किया। बी0आर0ओ0 द्वारा प्रातः 9:14 बजे सुचारु किया गया ।





23— **दिनांक 19.07.2018 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग प्रातः 6:00 बजे डाबरकोट के पास मलवा आने के कारण अवरुद्व हुआ जिसे प्रातः 6:40 बजे सुचारु किया गया।**





24— **दिनांक 20.07.2018 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गंगनानी नाग मन्दिर के पास प्रातः 6:24 बजे मार्ग अवरुद्व** हुआ आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सूचना दी गयी की ट्रोफिक को सुरक्षित स्थान पर रोका जाये। जिसे बी0आर0ओ0, एस0डी0आर0एफ0, लो0नि0वि0 द्वारा प्रातः 11:06 बजे मार्ग को सुचारु किया गया।





25– **दिनांक 20.07.2018 को सांय 6:30 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डाबरकोट के पास मलवा/पत्थर आने** के कारण अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित विभाग/कार्मिकों से समन्वय स्थापित किया। जिसमे 02 जे0सी0बी0, 01 पोकलैण्ड, 01 डोजर मशीन तैनात है। मार्ग को अपराह्न 12:01 बजे सुचारु किया गया।





26– **दिनांक 21.07.2018 को सांय 7:35 बजे गंगोत्री** राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैड के पास मलवा /पत्थर आने के कारण अवरुद्व हुआ। जिसे रात्री 9:25 बजे सुचारु किया गया। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित विभाग/कार्मिकों से समन्वय स्थापित किया।



**दिनांक 21.07.2018 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग प्रात 8:51** बजे थिंराग के पास अवरुद्व हुआ जिसे प्रातः 9:30 बजे सुचारु किया गया ।



**दिनांक 22.07.2018 को प्रातः 6:00 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग  डाबरकोट के पास मलवा/पत्थर आने के** कारण अवरुद्व हुआ लगातार पत्थर आने के कारण मार्ग को सुचारु करने मे कठिनाई  हो रही पैदल मार्ग से यात्रियों की आवाजाही हो रही है





**दिनांक 26.07.2018 को  समय 6:30 प्रातः गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्कुगाड के पास मलवा आने के कारण मार्ग** अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित विभाग/कार्मिकों से समन्वय स्थापित किया। जिसमे 01 डोजर, 20 मजदूर द्वारा कार्य किया जा राहा है। मार्ग को 7:14 बजे सुचारु किया गया।

**दिनांक 28.7.2018 को गंगोत्री राष्ट्रय राजमार्ग हर्षिल में मलवा/झरने का पानी आने से  मार्ग अवरुद्व हुआ जिसे** बी0आर0ओ0 द्वारा वैकल्पिक मार्ग से यात्रियों का आवागमन किया गया। पानी कम होने पर कार्य किया गया गया।

27– **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा समय–समय पर जारी पूर्वानुमान के अनुसार दिनांक 28से 31 जुलाइ, 2018 तक` भारी वर्षा की** सम्भावना के दृष्टिगत जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा जनपद के सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन/सड़क बाधित होने तथा भारी वर्षा के सम्बन्ध में सावधानी बरतें एवं जीवनरेखा सेवाओं से सम्बन्धित कार्यों के लिये उत्तरदायी समस्त कार्मिकों को तैनाती करते हुये सतर्कता/आपदा की स्थिति में प्रतिवादन का उच्चतम स्तर बनाया रखा गया तथा समस्त विभागों के क्षेत्रीय कर्मचारी अपने–अपने क्षेत्रों में उपस्थित रहें तथा उक्त अवधि में जनपद अन्तर्गत आये यात्रियों को उक्तानुसार सूचित कर सुरक्षित स्थानो पर रूकने हेतु जानकरी दी।

28– **जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 28.07.2018 को जनपद आपदा प्रबन्धन की बैठक आहूत की** गयी। जिसमे अधिकारी को आवश्यक दिश–निर्देश दिये गये।

30– **दिनांक 28.07.2018 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग जंगलचट्टी में अपराहन 2:00 बजे मलवा/पत्थर आने के** कारण 30से 40 मीटर भाग वॉसआउट हुआ। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित विभाग/कार्मिकों से समन्वय स्थापित किया। जिसमे 01 जे0सी0बी0, 70–80 मजदूर द्वारा दिवार निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त स्थान पर वैक्लपिक मार्ग तैयार कर यात्रियों का आवागमन किया जा रहा है।

**क्षतिग्रस्त त्रिखली–कुंसाला पैदल मार्ग की मरम्मत कर एस0डी0आर0एफ0/पुलिस की तैनाती कर आवागमन करवाया जा रहा है।**









31– शासन द्वारा आपदाओं के समय संचार सेवा बाधित होने एवं जहाॅ पर संचार सेवा उपलब्ध नहीं है, क्षेत्र में घटित घटनाओं की सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु निर्वाध संचार व्यवस्था के लिये उपलब्ध कराये गये ISAT-PHONE2 सैटेलाईट फोन मय चार्जर/अन्य सहायक सामग्री सहित निम्न अधिकारियों को वितरित किये गये है।

| क्रं.सं. | अधिकारी का विवरण/स्थान | उपलब्ध कराये जा रहें ISAT-PHONE2 सैटेलाईट फोन का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | पुलिस अधीक्षक, उत्तरकाशी। | Satellite Phone Number- **+918991118156**<br>IMEI Number -353032044143028<br>BSNL Sim No-89915,47048,45310,6144 |
| 2 | नायब तहसीलदार, धौन्तरी। | Satellite Phone Number- **+918991118157**<br>IMEI Number -353032044141733<br>BSNL Sim No-89915,47048,45310,6145 |

32– जनपद के दुरस्त ग्राम जौड़ाव/पिंलग एवं बलावट में संचार सुविधा हेतु हर्षिल/गंगोत्री में पूर्व में स्थापित डी0एस0पी0टी0 फोनों की आवश्यक मरम्मत कर स्थापित किये गये है। जो सुचारू कार्यशील है।

33– वर्ष 2018–19 में मानसून अवधि को दृष्टिगत करते हुये सूचनाओं के त्वरित गति से आदान–प्रदान हेतु तहसील कोन्ट्रोल रूम एवं जनपद आपातकलीन परिचालन केन्द्र को 10 Lava Z-60 (एन्ड्रॉयड) फोन एस0डी0आर0एफ0 मद से क्रय कर उपलब्ध कराये गये है।

34– मानसून काल के दृष्टिगत विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की सुरक्षा के उचित प्रबन्धन के साथ सतर्क किया गया है। जनपद के जर्जर/जीर्ण–शीर्ण, भूस्खलन एवं नदी नालों से संवेदनशील विद्यालय का सर्वेक्षण कर चिन्हित किया है।

35– रेडक्रास समिति, उत्तरकाशी के सहयोग से मानूसन काल के दृष्टिगत आपदा की स्थिति में प्रभावितों को तत्काल राहत शिविर स्थापित कर राहत सामग्री उपलब्ध कराये जाने हेतु विकास खण्डवार स्टोंर चिन्हिकरण कर निम्न सामग्री को भण्डारण की गयी है।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | सख्या |
|---|---|---|
| 1 | फेमली किट | 100 |
| 2 | फेमिली टैन्ट | 50 |
| 3 | प्लास्टिक तिरपाल | 200 |
| 4 | कैनवास तिरपाल | 100 |
| 5 | प्राथमिक सहायता किट | 100 |
| 6 | कम्बल | 500 |
| 7 | बर्तन किट (अतिरिक्त) | 100 |
| 8 | सोलर लालटेन | 200 |
| 9 | बॉडीबैग | 200 |

36– जनपद मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में बी0एस0एन0एल0 के बेसफोन एवं इन्टरनेट सेवा पूर्ण रूप से बाॅधित है। आपदा प्रबन्धन अधिनियम–2005 मे तहत नोटिस निर्गत बी0एस0एन0एल0 की सेवाओं को सुचारू रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में संसाधन तैनात रखने के निर्देश दिये गये। अन्य विभागों को भी समय–समय पर आपदा प्रबन्धन के तहत दिये गयो कार्यो में लापरवाही पाये जाने पर आपदा प्रबन्ध अधिनियम–2005 की सुसंगत धाराओं के तहसत कार्यवाही की गयी है।

37– जनपद आपदा प्रबनधन प्राधिकरण द्वारा वाहन दुर्घटना, कावड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद के मुख्य मार्गो पर हॉर्डिक बोर्ड लगाये गये।




38– जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा समस्त तहसीलों/पुलिस/ग्राम प्रधानों/क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं थानों से वर्षा/नदी के जल स्तर/मार्गो की अद्ययतन सूचना तथा मौसम सम्बन्धी जानकारी प्रत्येक घण्टें में प्राप्त की जाती है। इसके अतिक्ति तहसीलों में कन्ट्रोल रूम स्थापित किये गये है। सम्बन्धित अधिकारियों/ कर्मचारियों/ग्राम प्रधानों/आंगनबाडी/आशा/पुलिस एवं जनप्रतिनिधयों एवं सम्बन्धित विभागों को दूरभाष/ वॉट्सएप/बल्क एस0एम0एस0 एवं पुलिस वायरलेस रेडियों के माध्यम से सतर्क रहने हेतु सूचित किया जाता है।

इसके अतिरिक्त जनपद में स्वच्छता अभियान, जल क्रीडा के आयोजन, वृक्षा रोपण, कावड़ यात्रा व्यवस्था का कार्य तथा समय–समय पर आहूत बैठकों में प्रतिभाग करते हुये उच्चाधिकारियो द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया गया है।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।